भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 428
मंगलवार, दिनांक 25 जून, 2019 को उत्तर देने हेतु

<u>सौर ऊर्जा उपकरणों की लागत में कमी</u>

428. श्री राम नाथ ठाकुरः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की प्रचूर उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए सरकार सौर ऊर्जा उपकरणों की लागत कम करने पर विचार कर रही है;

(ख) क्या यह भी सच है कि आम आदमी इन उपकरणों की उच्च लागत के कारण इन्हें खरीदने में समर्थ नहीं है; और

(ग) इसे ऊर्जा का लागत प्रभावी और उपयोग किए जाने योग्य स्रोत बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या-क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री आर.के. सिंह)

(क) सौर विद्युत उपकरणों की लागत सरकार द्वारा तय नहीं की जाती है । इन उपकरणों की कीमत बाजार पर निर्भर करती है ।

(ख) देश के एक सामान्य व्यक्ति के लिए सौर विद्युत उपकरण को सस्ता बनाने के लिए सरकार पूंजीगत सब्सिडी प्रदान कर रही है जिसमें विभिन्न श्रेणियों के लाभार्थियों के लिए 30 प्रतिशत से लेकर 90 प्रतिशत तक की छूट शामिल है । इसमें निम्नलिखित शामिल हैं :- (i) घरेलू उपयोग के लिए सौर रूफटॉप की संस्थापना (ii) कृषि अनुप्रयोगों के लिए सौर जल पंपों की संस्थापना (iii) सौर स्ट्रीट लाइटों की संस्थापना (iv) स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को सौर अध्ययन लैंप प्रदान करना (v) सार्वजनिक संस्थानों के लिए 25 किलोवाट तक की क्षमता के सौर विद्युत संयंत्रों की संस्थापना, आदि

(ग) सरकार का प्रयास साधारण व्यक्ति के लिए सौर विद्युत को लागत प्रभावी और सस्ता बनाना है । इस संबंध में भारत सरकार द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं जिसमें अन्य के साथ साथ राजकोषीय और संवर्धनात्मक प्रोत्साहन जैसे कि पूंजीगत सब्सिडी, अंतरराज्यीय पारेषण प्रणाली के शुल्क और नुकसान में छूट, व्यवहार्यता अंतराल निधि (वीजीएफ) और स्वचालित मार्ग के तहत 100 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति शामिल है। इसके अलावा विद्युत के सस्ते उत्पादन को सुनिश्चित करने के लिए परियोजनाओं को पारदर्शी विकास प्रक्रिया अर्थात् ई- रिवर्स प्रणाली के माध्यम से संचालित किया जाता है । सरकार ने मानक बोली दिशानिर्देश भी जारी किए हैं ताकि वितरण लाइसेंसधारक लागत प्रभावी तरीके से प्रतिस्पर्धी दरों पर सौर विद्युत की खरीद करने में समर्थ हो सकें ।

***